बिहार में रसोई गैस एजेन्सियों का वितरण

2385. **श्री रामदेव भण्डारी** : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1992 से नवम्बर 1994 तक बिहार में पेट्रोल और रसोई गैस के वितरण हेतु आबंटित एजेन्सियों का वर्षवार ब्यौरा क्या है तथा ये एजेन्सिया कहां-कहां स्थित हैं;

(ख) उक्त अवधि के दौरान सरकार द्वारा स्व-निर्णयगत कोटा के तहत आबंटित की गई एजेन्सियों का ब्यौरा क्या है तथा वे कहां-कहां स्थित है;

(ग) राज्य में पेट्रोल और गैस एजेन्सियों को खोलने हेतु सरकार के विचाराधीन स्थानों के नाम क्या-क्या हैं; और

(घ) नई एजेन्सी खोलने के लिए स्थान के चयन का आधार क्या है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) से (घ) 1अप्रैल, 1992 से नवम्बर, 1994 की अवधि के दौरान बिहार राज्य में 56 खुदरा बिक्री केन्द्र, डीलरशिपें तथा 22 एल०पी०जी० (रसोई गैस) की डिस्ट्रीब्यूटर शिपें आरम्भ की गयी थी, जिनमें वे भी सम्मिलित है जो अनुकंपा आधार पर दी गई थी । बिहार राज्य के चालू विपणन योजना में 188 खुदरा बिक्री केन्द्र डीलरशीपों तथा 29 एल०पी०जी० (रसोई गैस) डिस्ट्रीब्यूटरशिपों के लिए प्रस्ताव सम्मिलित किए गए हैं ।

बिहार राज्य सहित विभिन्न स्थानों पर भी डीलरशिपों/डिस्ट्रीब्यूटरशिपों की संभाव्यता तथा आर्थिक व्यवहार्यता से संबंधित मात्रा तथा दूरी संबधी उद्योग मानकों के अनुसार किए गए बाजार सर्वेक्षण के आधार पर योजना तैयार की जाती है ।

Decline in Crude Oil Production

2386. SHRI PASUMPON THA. KIRUTTINAN : Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether the crude oil production in India is declining;

(b) if so, what are the main reasons for this decline;

(c) what are the plans of Government to arrest this trend; and

(d) what are the impacts of this decline on Indian economy?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPT. SATISH SHARMA): (a) and (b) The indigenous production of crude oil which peaked in 1989-90 declined till 1992-93. The main reasons for the decline were environmental conditions in the North-Eastern region, rectificatory measures in Bombay High etc.

(c) Government have initiated a number of short-term and medium-term measures as a result of which the declining trend has been arrested in 1993-94.

(d) The decline contributed to the need for higher imports.

Study by BICP on Transportation of Crude Oil

2387. SHRI O. P. KOHLI : Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state :

(a) whether Bureau of Industrial Costs and Prices (BICP) had under taken a study on the transportation of crude oil and had suggested the movement thereof through inland water rather than through pipeline;

(b) if so, the details thereof; and

(c) the action has been taken by Government thereon?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPT. SATISH SHARMA): (a) to (c) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

पेट्रोलियम उत्पादों पर उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क

2388 **श्री ईश दत्त यादव :**

चौधरी हरमोहन सिंह :

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में पेट्रोलियम उत्पादों पर उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क कितना-कितना है ;

(ख) गत दो वर्षों में कितनी मात्रा में पेट्रोलियम कच्चे तेल का आयात किया गया है ; और

(ग) उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क के रूप में कितनी धनराशि खर्च की गई है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) पेट्रोलियम उत्पादों पर आधारभूत सीमा शुल्क की 1-3-94 से प्रभावी दरें निम्नानुसार हैं :—

(1) क्रूड	35 प्रतिशत
(2) मिट्टी का तेल	शून्य
(3) नेफथा	शून्य
(4) एल०पी०जी०	15 प्रतिशत
(5) अन्य सभी उत्पाद	30 प्रतिशत